# COMMON PRE-BOARD EXAMINATION
# HINDI COURSE B –Code No. 085
# CLASS X-(2025-26)

**SET :1**

**Time allowed: 3 Hrs.** **Maximum Marks: 80**

**सामान्य निर्देश**

**·निम्नलिखित प्रश्न निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए।**

**1 इस प्रश्न पत्र में कुल चार खण्ड हैं - क, ख, ग और घ**

**2 इस प्रश्नपत्र में कुल 16 प्रश्न हैं।**

**3 प्रश्नपत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।**

**4 प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।**

**खंड- क**

**(अपठित बोध)**

**प्रश्न 1 नीचे गद्यांश दिए गए हैं। गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

ग्रीष्म अवकाश के समय को पढ़ाई के दबाव से परे रचनात्मक सोच, सामुदायिक समझ और रिश्तों से जुड़ाव को पोषित करने में लगाना ज़रूरी है। सामुदायिक केंद्रों से जुड़े और सेवा देने वाले बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। ऐसे बच्चे न केवल समाज से जुड़ते हैं,बल्कि खुश भी रहते हैं। यह जुड़ाव बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत सँवारने के साथ ही मानवीय प्रवृत्तियों को भी सार्थक दिशा देता है। छुट्टियों का समय रिश्तों-नातों को जानने और जीने का भी मौका होता है। पहले संयुक्त परिवार में बच्चे दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, बुआ के साथ रह कर बड़े होते थे। रिश्तेदारों का आना-जाना भी खूब होता था। मगर अब ऐसी व्यस्त जिंदगी है कि बच्चे सिर्फ़ अपने माता-पिता को ही जानते हैं। छुट्टियों का यह समय ऐसे संबंधों को जीने और जानने में लगाया जाए, यह खुद बच्चों के लिए ही नहीं, हमारे पारिवारिक और सामाजिक तानेबाने को सहेजने के लिए भी ज़रूरी है। कुछ साल पहले एक ऑनलाइन पर्यटन कंपनी द्वारा किए गए परिवार सर्वेक्षण के अनुसार सत्तानवे प्रतिशत भारतीय किशोरों ने महसूस किया कि परिवार की छुट्टियाँ उन्हें अपने भाई-बहनों के करीब लाती है। उनहत्तर प्रतिशत ने माना कि उनकी पसंदीदा यादें परिवार के साथ बिताई छुट्टियों से जुड़ी हैं। बहुत से सामाजिक मनोवैज्ञानिक अध्ययन भी बताते 7

हैं कि अवकाश का समय बच्चों को नई ऊर्जा और उत्साह से भर देता है। छुट्टियाँ बच्चों को खुश और होशियार बनाती हैं। सामाजिक कौशल सिखाती हैं। यह अभिभावकों के साथ अनौपचारिक रूप से संवाद करने का समय होता है। भटकाव के मौजूदा परिवेश में ऐसा खुला संवाद किशोरों की मानसिकता समझने में सहायक होता है। नई पीढ़ी को दिशाहीन होने से बचा सकता है। समय रहते अभिभावकों को सचेत कर सकता है।

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।** 1x3=3

1 निम्नलिखित में से कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाता है/ खाते हैं?

| | |
|---|---|
| 1) अवकाश बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह भर देता है। | 2) छुट्टियों में भाई-बहनों के समीप जाने की संभावना बढ़ती है। |
| 3) माता-पिता से बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलता है। | 4) नई पीढ़ी के दिशाहीन होने की संभावनाएँ बढ़ती हैं। |

**विकल्प**

| | |
|---|---|
| क) केवल 1 | ख) **2** और **3** |
| ग) केवल 4 | घ) **1, 2** और **3** |

2 सामुदायिक केंद्रों में सेवा देने वाले बच्चे किस प्रकार लाभान्वित होते हैं?

| | |
|---|---|
| 1) बेहतर स्वास्थ्य पाकर | 2) प्रसन्नचित्त पाकर |
| 3) व्यस्त होकर | 4) वेतन पाकर |

**विकल्प**

| | |
|---|---|
| क) 1 और 2 | ख) 3 और 4 |
| ग) 1 और 3 | घ) 2 और 4 |

3 **कथनः** पारिवारिक तानेबाने को सहेजने की आवश्यकता है।
**कारणः** परिवारों और समाज के संकुचित होने से स्वस्थ सामाजिक विकास अवरुद्ध हो रहा है

| | |
|---|---|
| क) कथन गलत है किंतु कारण सही। | ख) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं । |
| ग) कथन सही है, और कारण कथन की सही व्याख्या है । | घ) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है । |

4 बच्चों के बीच रचनात्मक सोच, सामुदायिक समझ और रिश्तों से जुड़ाव को पोषित करने के लिए क्या अपेक्षित है? 2

5 अब पारिवारिक संबंधों में क्या बड़ा परिवर्तन हुआ है? 2

**प्रश्न 2 नीचे गद्यांश दिए गए हैं। गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 7

कृषि में हरी खाद उस सहायक फ़सल को कहते हैं जिसकी खेती मुख्यतः भूमि में पोषक तत्वों को बढ़ाने तथा उसमें जैविक पदार्थों की पूर्ति करने के उद्देश्य से की जाती है। प्रायः इस तरह की फ़सल को हरित स्थिति में हल चलाकर मिट्टी में मिला दिया जाता है। हरी खाद से भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है और भूमि की रक्षा होती है। मृदा के लगातार उपयोग से उसमें उपस्थित पौधे की बढ़वार के लिए आवश्यक तत्व नष्ट होते जाते हैं। इनकी क्षतिपूर्ति के लिए और मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने के लिए हरी खाद एक उत्तम विकल्प है। बिना गले-सड़े हरे पौधे (फ़सलों अथवा उनके भाग) को जब मिट्टी की नाइट्रोजन या जीवांश की मात्रा बढ़ाने के लिए खेत में दबाया जाता है तो इस क्रिया को हरी खाद देना कहते हैं।

हरी खाद के उपयोग से न सिर्फ़ जीवांश भूमि में उपलब्ध होता है बल्कि मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा में भी सुधार होता है। वातावरण तथा भूमि प्रदूषण की समस्या को समाप्त किया जा सकता है। लागत घटने से किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होती है, भूमि में सूक्ष्म तत्वों की आपूर्ति होती है साथ ही साथ मृदा की उर्वरा शक्ति भी बेहतर हो जाती है।

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।** 1x3=3

1 हरी खाद का उपयोग खेतों में क्यों किया जाना चाहिए?

क) रासायनिक खाद की महँगी लागत से बचने के लिए
ख) रासायनिक खाद के ज़हर से बचने के लिए
ग) खेती के पारंपरिक तरीकों को बढ़ावा देने के लिए
घ) मिट्टी की उर्वरता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए

2 कथन और कारण को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए-

**कथन :** हरी खाद फ़सल के लिए बहुत उपयोगी होती है।

**कारण :** हरी खाद से भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है और भूमि की रक्षा होती है।

क) कथन गलत है, किंतु कारण सही
ख) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं ।
ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है ।
घ) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

3 'हरी खाद देना' क्रिया कहा जाता है-

| | |
|---|---|
| क) खेतों में हरे रंग की खाद का प्रयोग करने को। | ख) खेतों में ताज़ी खाद का प्रयोग करने को |
| ग) गलने-सड़ने से पूर्व सहायक फ़सल को खेतों में दबाने को। | घ) गलने-सड़ने के बाद सहायक फ़सल को खेतों में दबाने की। |

4 हरी खाद के उपयोग से भूमि में क्या परिवर्तन होता है? 2

5 वातावरण तथा भूमि प्रदूषण की समस्या को किस प्रकार समाप्त किया जा सकता है? 2

## खंड - ख

## (व्यावारिक व्याकरण)

प्रश्न 3 **निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार प्रश्नों</u> के उत्तर दीजिए।** **1x4=4**

1 जापान के अस्सी फ़ीसदी लोग मनोरुग्ण हैं। -संज्ञा पदबंध छाँटिए।

2 नदी के किनारे खड़ा पेड़ गिर गया। विशेषण पदबंध बताइए।

3 मैदान पर पहुँचते ही पुलिस ने लाठियाँ चलानी शुरू कर दी। क्रिया पदबंध पहचानिए।

4 किसी वाक्य में सर्वनाम पदबंध की पहचान कैसे की जाती है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

5 मैं कल शाम पाँच बजे तक पहुँच जाऊँगा। वाक्य में पदबंध के भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 4 **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए।** **1x4=4**

1 व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती बल्कि उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है। रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार लिखिए।

2 मेरे जीवन में यह पहली बार है कि मैं इस तरह विचलित हुआ है। उपवाक्य पहचानकर भेद लिखिए।

3 जापान में चाय पीने की एक विधि है, जिसे 'चा-नो-यू' कहते हैं। सरल वाक्य में बदलिए।

4 एक शाम तताँरा दिनभर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र किनारे टहलने निकल पड़ा। संयुक्त वाक्य में बदलिए।

5 मिश्र वाक्य की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।

**प्रश्न 5 निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए। 1x4=4**

1 'गरिमापूर्ण' का समास विग्रह करके समास का भेद लिखिए।

2 अव्ययीभाव समास को सोदाहरण समझाइए।

3 'एकदंत' समस्त पद का विग्रह करके समास का प्रकार लिखिए।

4 'अन्न-जल' समस्त पद का विग्रह करके समास का प्रकार लिखिए।

5 'राजीवनयन' समस्त पद के समास का प्रकार लिखकर कारण भी बताइए।

**प्रश्न 6 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए। 1x4=4**

1 देर रात घर लौटते देखकर बड़े भाई साहब छोटे भाई पर ———। उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

2 वामीरो का गायन इतना अधिक प्रभावशाली था कि तताँरा <u>अपनी सुध-बुध खोने</u> लगा। रेखांकित मुहावरे का अर्थ लिखिए।

3 'रहस्य प्रकट होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है -

4 नीरज चोपड़ा द्वारा ओलंपिक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर देश की ________________ । उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

5 'गाँठ बाँधना' मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए।

## खंड-ग

## (पाठ्य पुस्तक/ पूरक पाठ्य पुस्तक)

**प्रश्न 7 निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1x5=5**

विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं
केवल इतना हो (करुणामय)
कभी न विपदा में पाऊँ भय।
दुःख-ताप से व्यथित चित्त को न दो सांत्वना नहीं सही
पर इतना होवे (करुणामय)
दुख को मैं कर सकूँ सदा जय।
कोई कहीं सहायक न मिले
तो अपना बल पौरुष न हिले;
हानि उठानी पड़े जगत् में लाभ अगर वंचना रही
तो भी मन में ना मानूँ क्षय।।

1 निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन –** कवि मुसीबतों से बचने के लिए भगवान से प्रार्थना करता है।

**कारण:** कवि भयभीत और कायर है।

क) कथन गलत है, किंतु कारण सही
ख) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं ।
ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है ।
घ) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

2 कवि ईश्वर से विपदा के समय क्या चाहता है?

क) सहायता
ख) धन
ग) भय से मुक्ति
घ) लोगों का साथ

3 कवि ने ईश्वर से कौन-सी प्रार्थना की है?

क) वे उसे धन दें
ख) वे उसे विपदाओं से बचाएँ
ग) वे उसे शक्ति एवं साहस दें
घ) वे उसे अमर बनाएँ

4 सहायक के न मिलने पर कवि क्या चाहता है?

क) वह दुखी हो जाए
ख) वह दुखों को सहता रहे।
ग) उसका बल-पौरुष कम न हो।
घ) वह गिड़गिड़ाता रहे।

5 स्तंभ 'अ' को स्तंभ 'ब' से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कर लिखिए-

| **स्तंभ 'अ'** | **स्तंभ 'ब'** |
|---|---|
| I आत्मिक भय | 1. ईश्वर के लिए प्रयुक्त किया गया है । |
| II कवि | 2. कवि छुटकारा प्राप्त करना चाहता है |
| III करुणामय | 3. ईश्वर से संघर्ष करने की शक्ति प्राप्त करना चाहता है । |

| विकल्प | |
|---|---|
| क) I-3, II-2, III-1 | ख) I-1, II-3, III-2 |
| ग) I-2, II-3, III-1 | घ) I-2, II-1, III-3 |

**प्रश्न 8** **निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए -** **2x3=6**

क) 'कर चले हम फ़िदा' गीत में कवि देशवासियों से क्या अपेक्षाएँ रखता है? हम उसकी अपेक्षाओं पर किस रूप में खरा उतर रहे हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में पर्वतों को 'मेखलाकार पर्वत अपार' कहने का कवि का क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए।

ग) 'मनुष्यता' कविता में 'परोपकार' के संबंध में दिए गए उदाहरण को स्पष्ट करते हुए लिखिए कि आपका मित्र परोपकारी है, यह आपने कैसे जाना?

घ) 'तोप' कविता के आलोक में विरासत में मिली चीज़ों के महत्त्व पर अपना दृष्टिकोण लिखिए।

**प्रश्न 9** **निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **1x5=5**

*शुद्ध सोना अलग है और गिन्नी सोना अलग। गिन्नी के सोने में थोड़ा-सा ताँबा मिलाया हुआ होता है इसलिए वह ज्यादा चमकता है और शुद्ध सोने से मज़बूत भी होता है। औरतें अकसर इसी सोने के गहने बनवा लेती हैं। फिर भी होता तो वह है गिन्नी का ही सोना।*

*शुद्ध आदर्श भी शुद्ध सोने के जैसे ही होते हैं। चंद लोग उनमें व्यवहारिकता का थोड़ा-सा ताँबा मिला देते हैं और चलाकर दिखाते हैं। तब हम लोग उन्हें 'प्रेक्टिकल आइडियलिस्ट' कहकर उनका बखान करते हैं। ये बात न भूलें कि बखान आदर्शों का नहीं होता बल्कि व्यावहारिकता का होता है। और जब व्यावहारिकता का बखान होने लगता है तब 'प्रेक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं और उनकी व्यवहारिक सूझबूझ ही आने लगती है।*

*सोना पीछे रहकर ताँबा ही आगे आता है।*

1 गिन्नी के सोने में-

| | |
|---|---|
| क) थोड़ा ताँबा मिला होता है। | ख) ज्यादा ताँबा मिला होता है |
| ग) बराबर मात्रा में ताँबा मिला होता है। | घ) कोई मिलावट नहीं होती। |

2 **कथन :** बखान आदर्शों का नहीं होता, बल्कि व्यावहरिकता का होता है।

**कारणः** जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं और उनकी व्यावहारिक सूझ-बूझ ही आगे आने लगती है।

क) कथन गलत है, किंतु कारण सही   ख) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं ।

ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है ।   घ) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

3 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट' कहते हैं-

क) जो आदर्शवादी होते हैं   ख) जो आदर्शों को व्यावहारिकता के साथ चलाते हैं

ग) जो व्यवहारवादी होते हैं   घ) जो व्यावहारिक होते हैं

4 महिलाएँ गिन्नी के सोने से गहने बनवाती हैं क्योंकि-
उचित विकल्प का चयन कीजिए-

(i) गिन्नी का सोना चमकदार होता है ।   (ii) गिन्नी का सोना अधिक मजबूत होता है ।

(iii) गिन्नी का सोना पर्याप्त मात्र में उपलब्ध होता है।   (iv) गिन्नी का सोना हल्का होता है।

क) केवल (i)   ख) केवल (i) और (ii)

ग) (ii) और (iv)   घ) (iii) और (iv)

5 शुद्ध आदर्श किसके समान होते हैं?

क) शुद्ध लोहे के   ख) शुद्ध ताँबे के

ग) शुद्ध चाँदी के   घ) शुद्ध सोने के

**प्रश्न 10 निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए -** **2x3=6**

क) 'कारतूस' एकांकी के आधार पर स्पष्ट कजिए कि सवार कौन था? वह किससे मिलना चाहता था और क्यों? इस सारे प्रसंग में सवार की कौन-सी विशेषताएँ उभरकर आती हैं?

ख) बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा है? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

ग) सुभाष बाबू के जुलूस को 'ओपन लड़ाई' क्यों कहा गया? 'डायरी का एक पन्ना पाठ के आधार पर लिखिए।

घ) 'बड़े भाई साहब' कहानी का बड़ा भाई शिक्षा को 'रंटत ज्ञान' और 'बे-सिर-पैर की बातें' मानता है जिनका व्यावहारिक जीवन में कोई अर्थ नहीं। इस संदर्भ में आपके क्या विचार हैं? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

**प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों में से दो के उत्तर 60 से 70 शब्दों में लिखिए।** **3x2=6**

क) लेखक अपने छात्र जीवन में स्कूल से छुट्टियों में मिले काम को पूरा करने के लिए क्या-क्या योजनाएँ बनाया करता था और उसे पूरा न कर पाने की स्थिति में किसकी भाँति 'बहादुर' बनने की कल्पना किया करता था? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए ।

ख) "मैत्री धर्म, जाति, रंग-भेद, प्रतिष्ठा आदि से ऊपर शुद्ध प्रेम और भावनाओं का प्रतिबिंब है।" 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

ग) 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर लिखिए कि रिश्तों की नींव मज़बूत बनाने के लिए किन गुणों की आवश्यकता है और स्पष्ट कीजिए कि ऐसा क्यों ज़रूरी है।

## खंड - घ

## (रचनात्मक लेखन )

**प्रश्न 12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** **5**

क) ऑनलाइन खरीददारी : समय की माँग
- ऑनलाइन खरीददारी से अभिप्राय
- बदलते समय की आवश्यकता
- खरीददारी करते समय संयम की आवश्यकता और सावधानियाँ

ख) कन्या भ्रूनहत्या : एक सामाजिक अपराध
- भ्रूनहत्या कानूनी व नैकित अपराध
- इस अपराध में माता-पिता का शामिल होना
- संकीर्ण मानसिकता और सरकार द्वारा प्रयास

ग) किसी रोमांचकारी मैच का अनुभव
- मैच देखने की योजना व उत्सुकता
- मैच के रोमांचकारी होने का कारण
- मैच के बीच हुआ अनुभव

**प्रश्न 13 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।** **1x5=5**

आप भावुक/अनोखी हैं। आपका जिला स्तरीय क्रिकेट टमि के कैप्टन हेतु चयन हुआ है। अभ्यास और मैच हेतु आपको एक सप्ताह के अवकाश की आवश्यकता है। निवेदन करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को अवकाश के लिए पत्र लिखिए।

अथवा

आपका नाम मुदित/मुदिता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रवेश हेतु प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर और प्रतिभाशाली छात्रों के लिए निःशुल्क शिक्षण की जो व्यवस्था की गई है। इसकी सराहना करते हुए किसी दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न 14** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।** **1x4=4**

आप क ख ग विद्यालय की सांस्कृतिक संस्था 'रंगमंच' की सचिव लतिका हैं। उसकी ओर से 'स्वरपरीक्षा' के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को यथासमय उपस्थित रहने की एक सूचना लिखिए। समय तथा स्थान का उल्लेख भी कीजिए।

**अथवा**

प्रधानाचार्य, नवोदय विद्यालय, अ ब से नगर की ओर से इच्छुक विद्यार्थियों को स्कूल की बास्केटबॉल टीम के चयन शिविर की जानकारी देते हुए एक सूचना तैयार कीजिए।

**प्रश्न 15** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए।** **1x3=3**

मकर संक्रांति मेले में बिक्री के लिए विद्यार्थियों द्वारा पतंगें, पेंटिंग्स व अनुपयोगी चीज़ों से सजावट के सामान बनाए गए हैं। इससे हुई आय अ ब स अनाथालय में दान की जाएगी। इससे संबंधित एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

यातायात पुलिस की ओर से यातायात के नियमों का पालने करने के लिए जनहित में जारी एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्रश्न 16** नीचे दिए गए प्रस्थान बिंदुओं से आरंभ करके लगभग **100-120** शब्दों में लघु कथा लिखिए। **1x5=5**

पेंटिंग के अच्छे दाम पाकर वह बहुत खुश था। दिमाग में तरह-तरह की योजनाएँ चल रही थीं . . . ..... . . . .

**अथवा**

आप नवीन कुमार हैं। आप जी-321, सेक्टर-21, अ ब स नगर में निवास करते हैं। आपका अ ब स संचार निगम लिमिटेड का टेलीफ़ोन एक सप्ताह से खराब पड़ा है। इसकी तकनीकी खराबी दूर करने के लिए कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक को उनके ई-मेल पते rmabcsanchar@gmail.com लिखिए।

## End of the Question Paper